पत्रांक: सीपीपीआरआई/एए/238/2016/ १६२२
दिनांक: अक्टूबर 25, 2016

श्री नन्दकिशोर त्यागी, ...अपीलार्थी
पुत्र स्व. श्री सोमदत्त त्यागी
निवासी ग्राम. व पोस्ट. - ड्घेड़ा
जिला-सहारनपुर-247551

बनाम

श्री वी.पी. थपलियाल .... प्रतिवादी
जन सूचना अधिकारी
केन्द्रीय लुग्दी एवं कागज अनुसंधान संस्थान
सहारनपुर-247 001

निर्णय की तिथि: अक्टूबर 25, 2016

तथ्य:

दिनांक 25.10.2016 को श्री वी.पी. थपलियाल, जन सूचना अधिकारी, व श्री ए. के. सक्सेना, अनुभाग अधिकारी, सीपीपीआरआई, सहारनपुर ने केस से सम्बंधित सभी कागजात प्रस्तुत किए ।

अपीलार्थी, श्री नन्दकिशोर त्यागी ने अपने आर.टी.आई. आवेदन दिनांकित 12.9.16 (संस्थान में प्राप्ति 15.9.16) द्वारा सूचना अधिकार अधिनियम-२००५ के अंतर्गत कुछ सूचनाएँ मांगी थी।

सूचना, अनुभाग अधिकारी (प्रशासन अनुभाग), सीपीपीआरआई, सहारनपुर से संबन्धित होने के कारण, जन सूचना अधिकारी, केन्द्रीय लुग्दी एवं कागज अनुसंधान संस्थान, सहारनपुर ने संबन्धित सूचना उपलब्ध कराने हेतु अनुभाग अधिकारी, सीपीपीआरआई, सहारनपुर को पत्रांक:सीपीपीआरआई/आरटीआई/238/2016/13(आई)/ दिनांक: 15.9.16 द्वारा आग्रह किया था। अनुभाग अधिकारी, सीपीपीआरआई, सहारनपुर ने अपने पत्रांक:CPPRI/P/M/3/9/VII/ दिनांकित 22.9.16 द्वारा सूचित किया कि अपीलार्थी को "सूचना के अधिकार, 2005 की धारा 8(1) (j) के अन्तर्गत सूचना उपलब्ध नहीं कराई जा सकती । इस संबंध मे Govt. of India, Ministry of Personnel, Public Grievances & Pensions Department of Personnel & Training का Office Memorandum No.11/2/2013-IR(Pt) dated 14.8.13 भी संलग्न किया । जन सूचना अधिकारी ने अपीलार्थी को अपने पत्रांक: सीपीपीआरआई/आर.टी.आई./238/2016/13(i)/1411 दिनांक: 22.9.16 द्वारा प्रशासनिक अधिकारी, सीपीपीआरआई के निर्णय से अवगत करा दिया । उत्तर

से असंतुष्ट होते हुए अपीलार्थी, श्री नन्दकिशोर त्यागी ने एक अपील दिनांकित 5.10.16 (संस्थान में प्राप्ति 7.10.16) द्वारा प्रथम अपीलीय प्राधिकारी से उपरोक्त आर. टी. आई. की सूचना प्राप्त करने हेतु अपील की है ।

दिनांक 24.10.16 को फोन करके श्री नन्दकिशोर त्यागी जी को सूचित किया गया कि दिनांक 25.10.16 को स्वयं उपस्थित होकर अपना पक्ष रखना चाहें तो रख सकते हैं। श्री त्यागी स्वयं उपस्थित होने में अपनी असमर्थता जताई ।

<u>प्रासंगिक तथ्य और निर्णय</u>:

सभी पेपर देखने पर एवं उपरोक्त अपील पर विचार करने पर इस निर्णय पर पहुंचा गया कि श्री नन्दकिशोर त्यागी के आर.टी.आई. आवेदन दिनांकित 12.9.16 के संबंध में अनुभाग अधिकारी (प्रशासन अनुभाग), सीपीपीआरआई, सहारनपुर व जन सूचना अधिकारी द्वारा लिए गए निर्णय से सहमत हूँ ।

तदनुसार शिकायत का निपटारा किया जाता है।

रीता टंडन 25/10/16
(रीता टंडन)
प्रभारी निदेशक एवं अपीलीय प्राधिकारी

श्री नन्दकिशोर त्यागी,
पुत्र स्व. श्री सोमदत्त त्यागी
निवासी ग्राम. व पोस्ट. - इघेड़ा
<u>जिला-सहारनपुर</u>-247551

प्रतिलिपि:

1. डॉ. बिपिन प्रकाश थपलियाल, वैज्ञानिक-एफ एवं जन सूचना अधिकारी, सीपीपीआरआई, सहारनपुर - सूचनार्थ